दैनिक पंचांग

30 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ	समय
सूर्य	वृष में	मिथुन	06.22 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	कर्क	08.36 बजे से
मंगल	मेष में	सिंह	10.52 बजे से
बुध	मिथुन में	कन्या	13.04 बजे से
गुरु	मिथुन में	तुला	15.14 बजे से
शुक्र	मिथुन में	वृश्चिक	17.29 ब.से
शनि	मीन में	धनु	19.45 बजे से
राहु	कुंभ में	मकर	21.50 बजे से
केतु	सिंह में	कुंभ	23.37 बजे से
		मीन	01.09 बजे से
		मेष	02.40 बजे से
		वृष	04.20 बजे से

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

शनिवार 2026 वर्ष का 150 वा दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2083 **शक संवत्** 1948
मास ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
तिथि चतुर्दशी 11.58 बजे को समाप्त।
नक्षत्र विशाखा 13.21 बजे को समाप्त।
योग शिव अहोरात्र।
करण वणिज 11.58 बजे तदनन्तर विष्टि 01.06 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 13.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 44'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872725
जूलियन दिन 2461190.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्हेज
तारीख 13
विशेष पूर्णिमा व्रत।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
काल	05.55 से 07.23 बजे तक	लाभ	05.37 से 07.10 बजे तक
शुभ	07.23 से 08.51 बजे तक	उद्वेग	07.10 से 08.42 बजे तक
रोग	08.51 से 10.19 बजे तक	शुभ	08.42 से 10.14 बजे तक
उद्वेग	10.19 से 11.46 बजे तक	अमृत	10.14 से 11.47 बजे तक
चर	11.46 से 01.14 बजे तक	चर	11.47 से 01.19 बजे तक
लाभ	01.14 से 02.42 बजे तक	रोग	01.19 से 02.51 बजे तक
अमृत	02.42 से 04.10 बजे तक	काल	02.51 से 04.23 बजे तक
काल	04.10 से 05.37 बजे तक	लाभ	04.23 से 05.56 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नील गगन के नक्षत्र

1	3	4	5
100	166	239	159
155	229	455	168
290	670	590	348
दिन-136-399		118-166	
मधुर डे-446-266		मधुर नाइट-110-790	
मिलन डे-137-249		मिलन नाइट-237-258	

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल........

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, चर्तुदर्शी, शनिवार, चित्रा नक्षत्र, वलयोगे, गरकरणे, कन्या की चंद्रमा, भद्रा 36/29 नरसिंह जयंती चर्तुदर्शी व्रत, रवियोग तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, धनी-मानी, कवि होगा।

मेष राशि : सफलता के साधन जुटायें, समय की अनुकूलता से लाभ, आवश्यक कार्य बनेंगे।

वृष राशि : विशेष कार्य स्थिगित रखें, अचानक घटना का शिकार होने से बचें, ध्यान रखें।

मिथुन राशि : अधिकारियों से लाभ स्थगित रखें, अन्यथा विवाद, क्लेश संभव बन जायेगा।

कर्क राशि : विरोधी प्रबल होंगे तथा परेशान करने की स्थिति पैदा करेंगे, जल्दबाजी से हानि होगी।

सिंह राशि : भाग्य का सितारा प्रबल हो, धन का व्यय होगा, सुख वृद्धि, कार्य वृद्धि अवश्य होगी।

कन्या राशि : संतान से सुख तथा सम्पन्नता के योग बनें, मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

तुला राशि : कार्य-कुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे, मित्रों से परेशानी अवश्य बनेगी।

वृश्चिक राशि : सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा तथा कुटुम्ब की समस्यायें जटिल होंगी।

धनु राशि : स्त्री-कष्ट, समय और धन नष्ट होगा, विरोधी समस्याओं से बचकर चलें।

मकर राशि : षड़यंत्र व कष्ट सामने आये किन्तु कुटुम्ब से लाभ होगा, कष्ट होगा, ध्यान दें।

कुंभ राशि : षड़यंत्रकारी विरोधी विवाद करने के लिये उग्र होंगे, विवाद को टालें नहीं तो हानि होगी।

मीन राशि : धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष बनेगा, व्यावधान व चिन्ता बनेगी।

कब और किसे धनवान बनाते हैं शनिदेव?

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, शनि सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह है. जहां हर ग्रह ढाई महीने में या 45 दिन में अपनी चाल बदल लेता है. वहीं शनि ढाई वर्ष में अपनी चाल बदलते हैं. शनि जीवन में हर तरह के कर्मों का कारक और फलदाता होता है. शनि की महादशा 19 साल तक चलती है. नकारात्मक प्रभाव होने पर शनि लंबे समय तक कष्ट देते हैं.

लोगों पर शनि हमेशा कृपा बरसाते हैं. अच्छे कर्म वाले लोगों पर भी शनि की कृपा हमेशा बनी रहती है. कहते हैं कि जीवन के शुभ और अशुभ कर्मों का हिसाब शनि ही रखते हैं. ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, शनि सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह है. जहां हर ग्रह ढाई महीने में या 45 दिन में अपनी चाल बदल लेता है. वहीं शनि ढाई वर्ष में अपनी चाल बदलते हैं. वैदिक ज्योतिष के मुताबिक शनि न्यायाधीश देवता हैं. कुंडली में शनि की स्थिति से ही धन की स्थिति तय होती है. शनि के प्रभाव से व्यक्ति राजा से रंक हो जाता है. शनि को फल और कर्म दोनों का कारक माना जाता है.

शनि का धन की प्राप्ति से संबंध

शनि जीवन में हर तरह के कर्मों का कारक और फलदाता होता है. शनि की विशेष स्थितियों से धन की प्राप्ति सरल हो सकती है और मुश्किल भी हो सकती है. शनि की महादशा 19 साल तक चलती है. नकारात्मक प्रभाव होने पर शनि लंबे समय तक कष्ट देते हैं. शनि नकारात्मक हो तो साढेसाती या ढैया घोर दरिद्रता देती है. कुंडली में बेहतर योग होने के बावजूद अगर कर्म शुभ ना हो तो शनि धन की खूब हानि करवाता है.

शनि व्यक्ति को मालामाल बना सकते हैं. अच्छे कर्म करने पर धन वर्षा करते हैं शनिदेव. कहते हैं कि शनि जीवन में हर तरह के शुभ अशुभ हिसाब रखते हैं. मनुष्य के जीवन में कर्म बहुत ही महत्व रखते हैं जैसा कर्म वैसा ही जीवन. शनि की टेढ़ी नजर जिस भी व्यक्ति पर पड़ती है उस व्यक्ति का जीवन कष्टों से भर जाता है.

खास कामों से प्रसन्न होंगे शनि

1. साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें.
2. घर और मोहल्ले को गंदगी से दूर रखें.
3. गरीबों को काले चने, काले तिल या उड़द, काले कपड़े दान करें.
4. धूप से बचने के लिए काले छातों का दान करें.
5. कभी किसी जरूरतमंद का फायदा न उठाएं.
6. किसी भी व्यक्ति का अहित न करें.
7. पेड़ पौधों को नुकसान न पहुंचाएं.
8. पीपल के वृक्ष का विशेष ध्यान रखें. 9. शनिदेव के मंत्रों का जाप करें. मंत्र है- ऊं शं शनैश्चराय नम 10. छाया दान करें.

ज्योतिषियों के मुताबिक, ईमानदार और मेहनती लोगों को शनि अच्छा फल देते हैं. शनि अपने भक्तों को परम कल्याण की ओर भेजते हैं. शनि अर्थ, धर्म, कर्म और न्याय के प्रतीक हैं।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश 7000098868 9425188009

विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों एवं कॉलोनियों में

जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान आयोजित

इन्दौर। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2026 के अंतर्गत मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रतलाम स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान में रेलवे कर्मचारी, यात्री, फूड स्टॉल संचालक एवं संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे कॉलोनी में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक रखने हेतु जागरूक किया गया।

रतलाम स्टेशन पर उचित कचरा पृथक्करण विशेषकर जैविक कचरे के पृथक्करण एवं प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने के संबंध में भी जागरूकता अभियान चलाया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2026 के अंतर्गत नीमच स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत पर्यावरण अनुकूल एवं स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु यात्रियों को जागरूक किया गया।

रतलाम मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी दिनों में भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर के लिए विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

लंबे अरसे बाद हो रहे सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में

नरसिंह वाटिका में सजेगा भगवती का भव्य दरबार

इंदौर, । पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में वैसे तो शहर में अनेक आयोजन हो रहे हैं लेकिन गुरुवार 4 जून को एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर देवभूमि गुप्त काशी-केदारखंड में महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद जी सरस्वती 'भगवन' के सानिध्य में रहकर कर्मकांड एवं सनातन धर्म से जुड़े अनेक विषयों और विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने वाले श्री श्रीविद्याधाम के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में हो रहे सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव का पहला न्योता उज्जैन में महाकालेश्वर, माँ हरसिद्धि, इंदौर में माँ त्रिपुर

सुंदरी भगवती के चरणों में समर्पित किया गया। इस अनुष्ठान में भगवान विष्णु एवं महालक्ष्मीजी के श्रीयंत्र का विशेष पूजन-अर्चन होगा, कन्या पूजन, सौभाग्यवती पूजन एवं ब्राह्मण पूजन का भी शास्त्रोक्त विधि से पालन होगा। नरसिंह वाटिका में इस मौके पर माँ भगवती का दरबार भी सुश्रृंगारित किया जाएगा। मान्यता है कि इस अनुष्ठान से समाज, संस्कृति और राष्ट्रचेतना की जागृति के साथ ही गृहस्थ जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। यह पूरी तरह शास्त्रोक्त विधान है।

जीवन बीमा का प्रतिनिधित्व करेंगे जापान में गुलाबचंदानी

इन्दौर। जीवन बीमा व्यवसाय के क्षेत्र में भारतीय जीवन बीमा निगम के सर्वोच्च क्लब कॉरपोरेट क्लब के सदस्य श्री अशोक गुलाबचंदानी 01 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जापान में भारतीय जीवन बीमा निगम का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री गुलाब चन्दानी 30 मई को जापान प्रस्थान करेंगे। श्री गुलाबचंदानी विगत 20 वर्षों से भारतीय जीवन बीमा निगम में उत्कृष्ट अभिकर्ता के रूप में कार्यरत है एवं लगातार 20 वर्षो से म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट अभिकर्ताओं में शामिल रहे हैं। इसके अलावा श्री गुलाबचंदानी पहले कनाडा, दुबई, यूरोप, हांगकांग, मलेशिया, कतर, सिंगापुर आदि देशों में आयोजित सम्मेलनों में भारतीय जीवन बीमा निगम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। इस प्रस्थान पर श्री गुलाबचंदानी को इंदौर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक श्री राकेश तनेजा, विपणन प्रबंधक श्री रवि दत्त, श्री परमजीत पमैया, प्रबंधक विक्रय श्री रोहित प्रसाद एवं विकास अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार शुक्ला जी ने बधाई दी है।

दशा नीमा ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं अधिक मास में नवश्रृंगारित धर्मशाला पर कल से होगा भागवत ज्ञान यज्ञ

इंदौर, । श्री दशा नीमा समाज की मेजबानी में 31 मई से 6 जून तक मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित नीमा धर्मशाला पर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन दशानीमा ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक होगा, जहाँ बुरहानपुर के प्रख्यात भागवताचार्य पं. आदित्य मुखिया के श्रीमुख से भागवत कथामृत वर्षा होगी। इस दौरान विभिन्न उत्सव भी मनाए जाएँगे। कथा स्थल को वृन्दावन धाम नाम दिया गया है।श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा एवं प्रमुख ट्रस्टी पूर्व पार्षद महेश नीमा गामा ने बताया कि नवश्रृंगारित नीमा धर्मशाला की छत पर इस आयोजन के लिए भव्य पांडाल का निर्माण किया गया है जिसे वृन्दावन धाम नाम दिया गया है। कथा संयोजक सतीश नीमा मालक एवं ट्रस्ट के मंत्री कमल नीमा ने बताया कि कथा का शुभारंभ रविवार 31 मई को सुबह 9 बजे नीमा धमर्शाला से विशाल शोभायात्रा के साथ होगा। कथा वाचक पं. आदित्य मुखिया एवं भागवतजी एक सुसज्जित रथ पर विराजित होंगे।

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 22 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि OWNER MANE PRAMOD KUMAR S/O NAND KUMAR के स्वामित्व के भूखंड क्रमांक 43 NM PRIDE, TALAWALI CHANDA पर कमर्शियल एरिया 25.00 वर्गमीटर पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग नियमन की कंडिका क्रमांक 6.10.10 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस में भवन अधिकारी झोन क्रमांक 22 वार्ड 35 के कार्यालय (भवन अनुज्ञा शाखा) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी
झोन क्र. 22, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरी पुत्री का नाम रम्मीया शर्मा (RAMMIYA SHARMA) पिता उत्कर्ष शर्मा था जो कि उसके शैक्षणिक दस्तावेजो पर अंकित है । एवं उसके आधार कार्ड पर रम्या शर्मा (RAMYA SHARMA) पिता उत्कर्ष शर्मा दर्ज है किन्तु मैने मेरी पुत्री का नाम परिवर्तित कर चारवी शर्मा (CHARVI SHARMA) पिता उत्कर्ष शर्मा कर लीया है जो उसके स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र पर दर्ज है, अतः भविष्य मे मेरी पुत्री के सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजो पर उसका परिवर्तित नाम चारवी शर्मा (CHARVI SHARMA) पिता उत्कर्ष शर्मा लिखा पढा जावे एवं इसी नाम से जाना पहचाना व सम्बोधित किया जावे ।

पिता :- उत्कर्ष शर्मा
पता : रो हाऊस-104, आयरिस पार्क, तलावली चांदा, इन्दौर (म.प्र.) 453771

सावधान जाहिर - सूचना
प्लॉट/ मकान नंबर 145, सेक्टर-सी, बख्तावरराम नगर, इंदौर (म.प्र.) के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार बैंक के समक्ष मकान नंबर 145, सेक्टर-सी, बख्तावरराम नगर, इंदौर (म.प्र.) पर ऋण प्राप्ति बाबद आवेदन किया है । उक्त संपत्ति मूलतः श्री दिनेशचंद्र, पिता श्री मंगीलाल सोमानी द्वारा विधिवत रूप से क्रय की गयी थी। तत्पश्चात श्री दिनेशचंद्र सोमानी के स्वर्गवास उपरांत उक्त संपत्ति (1) श्रीमती शिरोमणि, पति श्री दिनेशचंद्र सोमानी (2) श्री गौरव, पिता श्री दिनेशचंद्र सोमानी (3) श्री सौरभ, पिता श्री दिनेशचंद्र सोमानी को उनके विधिक वारिस नाते प्राप्त हुई होकर एकमात्र स्वामी हुए हैं ऋण प्राप्ति बाबद हमारे पक्षकार बैंक के समक्ष आवेदन किया है । सदर सम्पत्ति की असल पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 1अ/105 दिनांक 07.04.1993, जो श्री दिनेशचंद्र, पिता श्री मंगीलाल सोमानी के पक्ष में निष्पादित की गयी थी के कुछ पृष्ठ कही गुम हो गयी होकर उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में संबंधित थाने में सुचना दी जा चुकी है। उक्त सम्पत्ति मेरी पक्षकार बैंक द्वारा बंधक रखी जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त सम्पत्ति में श्री दिनेशचंद्र, पिता श्री मंगीलाल सोमानी के विधिक वारिसों के संबंध में अथवा प्रस्तावित क्रेता को विक्रय किए जाने बाबद संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, बैंक, अन्य वित्तीय संस्थान, संस्था, निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक, संस्था आदि का किसी प्रकार का कोई भार बोझ हो अथवा उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई न्यायालयीन विवाद, दावा आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे, बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार बैंक पर मान्य नहीं होगी।

वशिष्ठ ईनाणी एडव्होकेट चेम्बर नंबर 137 प्रथम मंजिल, रामपुरावाला बिल्डिंग, जिला कोर्ट के सामने, इन्दौर म.प्र. दूरभाष - 0731-3549900, मो. 98265-05600

न्यायालय : श्रीमती शिखा अग्रवाल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इंदौर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश हातोद, जिला इंदौर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन (आदेश 5 नियम 1)
दिनांक 02.07.2026
आर.सी.एस. 44ए/2025 ओमप्रकाश व अन्य वि सर्वसाधारण
(1) वासुदेव पिता भंवरसिंह अंतिम ज्ञात पता- ग्राम कराडिया . हातोद जिला इंदौर म.प्र.

वादीगण ओमप्रकाश, सुशीलाबाई, ज्योत्सनाबाई, लीलाधर, निर्मलाबाई ने श्री वासुदेव पिता भंवरसिंह अंतिम ज्ञात पता- ग्राम कराडिया तहसील हातोद की सिविल डेथ घोषित कर जय पत्र प्राप्ति लिए इस न्यायालय में वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 02.07.2026 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होन के लिए समन किया जाता है। आज न्यायाालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 27.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(श्रीमती शिखा अग्रवाल) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इंदौर न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश हातोद, जिला-इंदौर

न्यायालय : श्रीमती शिखा अग्रवाल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इंदौर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश हातोद, जिला इंदौर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन (आदेश 5 नियम 1)
दिनांक 09.07.2026
आर.सी.एस. 76ए/2025 हरिसिंह वि इंदरसिंह व अन्य
सुमेरसिंह पिता भगवानसिंह जाधव निवासी- 138,20 मातेश्वरी मंदिर छोटा बांगड़दा नंदबाग रोड इंदौर म.प्र.

वादी ने आपके विरूद्ध वाद स्वत्व घोषणा विक्रय पत्र निरस्ती तथा स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 09.07.2026 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होन के लिए समन किया जाता है। आज न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निदेश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो अप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 27.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(श्रीमती शिखा अग्रवाल) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इंदौर न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश हातोद, जिला-इंदौर

NAME / DOB CHANGE

I, Smt. Taslema Khatun Legally wedded Spouse of No. 1058520-M, Ex - LD Late Mohammad Rashid, Residing at H.N. 142, Khajirabad Colony Khajrana, Post- Kanadiya Road, Tehsil & District - Indore (MP) Pin-452016, That I want to change my Name from Taslema Khatun To Tasleem Khatun & Also want to change my DOB from 01/01/1964 to 04/06/1963 vide MP Govt Affidavit No. 15142/26 Dt. 25/05/26 before District Court Indore (MP) Pin - 452001

NAME / DOB CHANGE

I, Smt. Kumodani Devi widow of No. 808769, Ex - Sep Late Mohan, Residing of H.N. 195 sector D, Sudama Nagar Post Sudama Nagar, Tehsil & District - Indore (MP) Pin-452009, That I want to change my name from Smt. Kumodani Devi to Smt. Kumodani & Also want to endorsed my Correct DOB as 10/11/1955 vide MP Govt Affidavit No. 15140/26 Dt. 25/05/26 before District court Indore (MP) Pin - 452001

NAME / DOB CHANGE

I, No. 13970886-W, Ex-Naik Vishnu Kamdar, Resident of Vill - Kelod, Post-Mhow, Tehsil - Dr Ambedkar Nagar District - Indore (MP) Pin-453441, That I want to change my Dependent Father's Name from Hari Ramji Kamdar To Hariram & Also want to change his DOB from 01/07/1946 To 20/01/1944 vide MP Govt Affidavit No. 15137/26 Dt. 25/05/26 before District court Indore (MP) Pin - 452001

NAME CHANGE

I, No. 14423978-L, Ex - Hav Om Prakash, Resident of H.N. 170, Vill & Post - Jamoniya, Tehsil - Tonk Khurd, District - Dewas (MP) Pin-455116, That I want to change my Dependent Son's Name from Master Kuldeep to Master Kuldeep Patel vide MP Govt Affidavit No. 15136/26 Dt. 25/06/26 before District court Indore (MP) Pin - 452001

NAME CHANGE

I, No. 14423978-L, Ex - Hav Om Prakash, Resident of H.N. 170, Vill & Post - Jamoniya, Tehsil -Tonk Khurd, District - Dewas (MP) Pin-455116, That I want to change my Dependent Daughter's Name from Miss Saloni Kumari to Miss Saloni Patel vide MP Govt Affidavit No. 15135/26 Dt. 25/06/26 before District court Indore (MP) Pin - 452001

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 10 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती उषा पति जयप्रकाश जैन द्वारा झोन क्रं. 10 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1001067661, पता 107/2 तिलक नगर इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 30.05.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 10, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 10 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जयप्रकाश जैन पिता शान्तीलाल जैन द्वारा झोन क्रं. 10 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1001071180, पता 107 तिलक नगर इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 30.05.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 10, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 10 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पारसकुमार पिता शांतिलाल जैन द्वारा झोन क्रं. 10 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1001046567, पता 118 साकेत नगर इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 30.05.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 10, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 10 इंदौर
जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अंकित जैन पिता रविकुमार जैन द्वारा झोन क्रं. 10 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1001067660, पता 107/1 तिलक नगर इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 30.05.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 10, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम शैलबाला पटेल (SHAILBALA PATEL) पिता रितेश पटेल है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं उसके शैक्षणिक दस्तावेजों पर अंकित है। किन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम सर्वासी पटेल (SARWANSI PATEL) पिता रितेश पटेल दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों पर सर्वासी पटेल के स्थान पर उसका सही नाम शैलबाला पटेल (SHAILBALA PATEL) पिता रितेश पटेल लिखा-पढ़ा जावे एवं इसी नाम से जाना-पहचाना व संबोधित किया जावे।

शैलबाला पटेल (SHAILBALA PATEL) पिता रितेश पटेल
पता : मकान नं. 71, वार्ड 13, ग्राम मोरूखेड़ी, देवास (म.प्र.) 455001

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम गंगासिंह जोधा (GANGA SINGH JODHA) पिता मांगूसिंह था, जो मेरे कुछ शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों पर अंकित है, किन्तु मैंने अपना नाम परिवर्तित कर राजेन्द्रसिंह जोधा (RAJENDRA SINGH JODHA) पिता मांगूसिंह कर लिया है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड पर अंकित है। अतः भविष्य में मेरे सभी दस्तावेजों पर मेरा परिवर्तित नाम राजेन्द्र सिंह जोधा (RAJENDRA SINGH JODHA) पिता मांगूसिंह लिखा पढ़ा जावे एवं इसी नाम से जाना-पहचाना व संबोधित किया जावे।

राजेन्द्र सिंह जोधा (RAJENDRA SINGH JODHA) पिता मांगूसिंह
पता : 278/18 समाजवादी इंदिरा नगर, इन्दौर (म.प्र.) 452002